झंडा हनुमान का सालासर धाम का

संकट काटे पल भर में ये भगतो सारे जहां का,
झंडा हनुमान का सालासर धाम का,

बाला जी की लाल ध्वजा की महिमा अप्रम पार है,
इस झंडे को जो भी थामे मिलता इनका प्यार है,
नाम लिखा है इसके ऊपर जगत पिता श्री राम का,
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

जिनके घर में लाल ध्वजा ये फर फर कर लहराती है,
उस घर में फिर सारी खुशियां दौड़ी दौड़ी आती है,
उस घर में पहरा रहता वीर बलि बलबाल का,
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

लाल लंगोटा हाथ में सोता हनुमत की पहचान है,
राम नाम का है मत वाला सीने में सिया राम है,
राम की धुन में नाचे सोनू दीवाना इस नाम का,
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/14262/title/jhanda-hanumaan-ka-salasar-dhaam-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |